हेल्थकेयर वित्तीय सहायता पॉलिसी का सहज भाषा में सारांश

संक्षिप्त विवरण

गरीबों और अल्पसेवित व्यक्तियों पर विशेष जोर देते हुए, अपने समुदायों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के अपने मिशन को ध्यान में रखते हुए और यीशु के उपचार मंत्र की भावना से, बॉन सिकॉर्स मर्सी हेल्थ (Bon Secours Mercy Health) अपने रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बॉन सिकॉर्स मर्सी हेल्थ (Bon Secours Mercy Health) की हेल्थकेयर वित्तीय सहायता (Healthcare Financial Assistance, HFA) नीति का सारांश है।

वित्तीय सहायता की उपलब्धता

वित्तीय सहायता की पात्रता, सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किए जाने के बाद रोगी या उसके गारंटर की भुगतान करने की क्षमता तथा सभी उपलब्ध सहायता कार्यक्रमों का आकलन करने के बाद निर्धारित की जाती है। बॉन सिकॉर्स मर्सी हेल्थ (Bon Secours Mercy Health) अस्पतालों (तथा कुछ दूसरे प्रदाताओं) द्वारा प्रदान की जाने वाली आपातकालीन एवं चिकित्सकीय रूप से आवश्यक दूसरी देखभाल के लिए वित्तीय सहायता उन अबीमित और अल्पबीमित मरीज़ों के लिए उपलब्ध है, जो Bon Secours Mercy Health अस्पताल द्वारा सेवित समुदाय में रहते हैं और जिनकी पारिवारिक आय, फ़ेडरल पोवेर्टी गाइडलाइन्स (Federal Poverty Guidelines - FPG) के चार गुना से अधिक नहीं है।

पात्रता संबंधी अपेक्षाएं

वित्तीय सहायता का निर्धारण आम तौर पर FPG के आधार पर कुल घरेलू आय के स्लाइडिंग पैमाने से किया जाता है। 200% FPG या उससे कम आय स्तर पर हमारी नीति के तहत वित्तीय सहायता के पात्र व्यक्ति निःशुल्क देखभाल प्राप्त करते हैं। 201% से 300% FPG, और 301% से 400% FPG आय स्तर वाले व्यक्ति, क्रमशः नीति में निर्धारित अनुसार, स्लाइडिंग पैमाने पर रियायती देखभाल प्राप्त करते हैं। 201% से 300% FPG, और 301% से 400% FPG के लिए विशिष्ट प्रतिशत छूट, आय स्तरों को चार्ज मास्टर में बदलावों के अनुरूप हर बाजार के लिए वार्षिक रूप से अद्यतन किया जाता है।

HFA नीति के तहत वित्तीय सहायता के लिए पात्र किसी भी व्यक्ति पर आपातकालीन या चिकित्सकीय रूप से आवश्यक दूसरी देखभाल के लिए उन धनराशियों से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा, जिनका आमतौर पर ऐसे व्यक्तियों को बिल भेजा जाता है जिनके पास ऐसी देखभाल के लिए बीमा होता है। यदि किसी व्यक्ति के पास देखभाल के लिए पर्याप्त बीमा कवरेज या संपत्ति उपलब्ध हो, तो उसे वित्तीय सहायता के लिए अपात्र माना जा सकता है। उन अबीमित रोगियों जो HFA नीति में वर्णित किसी भी वित्तीय सहायता छूट के पात्र नहीं होते, उनके लिए बॉन सिकॉर्स मर्सी हेल्थ (Bon Secours Mercy Health) उनके अस्पताल के बिलों में एक स्वचालित (स्व-भुगतान) छूट प्रदान करता है। कृपया संपूर्ण स्पष्टीकरण के लिए पूर्ण HFA नीति देखें।

आवेदन प्रक्रिया के बारे में

हमारी HFA नीति के तहत वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया में ये चरण शामिल हैं:

- HFA आवेदन फॉर्म भरें और अपेक्षित सहायक दस्तावेजों को शामिल करें।
  - आपके लिए उपलब्ध सहायता का स्तर निर्धारित करने के लिए हम आपकी आय और परिवार के आकार को देखते हैं। हम ऊपर वर्णित FPG के आधार पर स्लाइडिंग पैमाने का उपयोग करते हैं।
  - हम यह अपेक्षा करते हैं कि आप पहले कुछ उस प्रकार के बीमा लाभों की पात्रता का पता लगाएँ, जो आपकी देखभाल को कवर करेंगे (यानी कामगार का मुआवज़ा, ऑटोमोबाइल बीमा, इत्यादि) हम आपको उचित संसाधनों तक निर्देशित करने में आपकी मदद कर सकते हैं।
- हम यह बताने के लिए आपसे संपर्क करेंगे कि क्या आप हमारी HFA नीति के तहत वित्तीय सहायता के पात्र हैं।
- हमारी HFA नीति के तहत शामिल न होने वाले किसी भी शेष प्रभार या बिल के लिए भुगतान योजना की व्यवस्था करने में हम आपकी मदद कर सकते हैं।
  - भुगतान योजना में आपकी वित्तीय स्थिति पर विचार किया जाएगा, जिससे आप द्वारा किए जा सकने वाले भुगतानों को तय किया जा सके।

जानकारी कहाँ से पाएं

आप इस तरह से हमारी HFA नीति और HFA आवेदन फॉर्म की प्रतिलिपि प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही वित्तीय सहायता आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं: (i) हमारी वेबसाइट www.bsmhealth.org/financial-assistance, और www.mercy.com/financial-assistance, और www.fa.bonsecours.com पर जाकर, (ii) 1-855-732-0138 पर टेलीफोन द्वारा बॉन सिकॉर्स मर्सी हेल्थ पेशंट फिनांशियल सर्विसेज (Bon Secours Mercy Health Patient Financial Services) से संपर्क करके, (iii) Mercy Health Public Benefits Dept, PO Box 631774, Cincinnati, OH 45263-1774 को डाक से अनुरोध भेजकर, या (iv) हमारे किसी भी अस्पताल स्थान में आकर हमारे वित्तीय परामर्शदाताओं से संपर्क करके (सुविधा-केंद्रों तथा पतों की पूरी सूची के लिए पूर्ण HFA नीति देखें)।

हम अपनी HFA नीति की प्रतियों, आवेदन फॉर्म और इस सारांश का उन लोगों द्वारा बोली जाने वाली प्राथमिक भाषाओं में अनुवाद करके बॉन सिकॉर्स मर्सी हेल्थ (Bon Secours Mercy Health) द्वारा सेवित उन सभी अहम लोगों की सहायता करते हैं, जिनकी दक्षता अंग्रेजी में सीमित है। हम अनुवाद सहायता, अनुवाद मार्गदर्शिकाएं प्रस्तुत करने या योग्य दुभाषियों के उपयोग के जरिए सहायता प्रदान करने का भी निर्णय कर सकते हैं।